प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

रामगंजमंडी, (निसं)। खान सुरक्षा निदेशालय अजमेर के तत्वाधान में रामगंजमंडी झालावाड़ की खदानों पर संयुक्त रूप से फर्स्ट एड अवेयरनेस ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को झालावाड जिले की समस्त खदानों के कर्मचारियों को भिलवाड़ी ग्राम पंचायत भवन में फर्स्ट ट्रेड ट्रेनर सुरेश चंद सारस्वत के द्वारा प्राथमिक उपचार संबंधी विभिन्न जानकारियां दी गई तथा डेमो द्वारा समझाया गया। कार्यक्रम में माइंस मैनेजर जी पी दत्तात्रेय, राजेश महेश्वरी, आशुतोष शर्मा व सुरेश मीणा सहित 38 खदान कार्मिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में यहां से 7 कार्मिकों को फर्स्ट एड ट्रेनिंग के लिए चुना गया जिन्हें श्री सीमेंट में 7 नवंबर को ट्रेनिंग दी जाएगी।

विवाहिता की संदिग्ध मौत

कोटा, (निसं)। जवाहर नगर इलाके के महावीर नगर प्रथम में विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के पीहर पक्ष ने पति व ससुराल पक्ष के खिलाफ प्रताड़ना देने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी हैं, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर ने बताया कि महावीर नगर प्रथम निवासी नीलू अग्रवाल की संदिग्ध मौत हुई है। मृतका के पीहर पक्ष ने ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत दी है। मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतका के पीहर पक्ष की ओर से दी गई शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

मॉडर्न स्कूल, तलवण्डी में त्रिदिवसीय 'मॉडफेस्ट-2025-26' का समापन

कोटा, (निसं)। मॉडर्न स्कूल तलवंडी, कोटा के परिसर में मॉडफेस्ट 2025 की त्रिदिवसीय श्रृंखला के तृतीय चरण का शुभारंभ अत्यतं धूमधाम से बहुत ही जोश और उत्साह के साथ हुआ। इस मॉडफेस्ट कार्यक्रम को न केवल कोटा शहर में अपितु संपूर्ण राजस्थान में अपनी मौलिकता और अनोखेपन के कारण विशेष रुप से जाना जाता हैं।

कार्यक्रम के मंच संचालन का कार्य भार विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों द्वारा बखूबी सभंला गया। मॉडफेस्ट-2025 तृतीय दिवस के अतंर्गत सर्वप्रथम विद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष मास्टर कुणाल जयसिंघानी के संक्षिप्त स्वागत भाषण के पश्चात इस भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसमें कक्षा सात और आठ के छात्र-छात्राओं ने भगवान गणेश से कार्यक्रम के निर्विघ्न समापन और सभी के कल्याण की कामना हेतु व मय समूह नृत्य के रूप में स्तुति करते हुए सुंदर व प्रभावशाली प्रस्तुति दी। 'कोरियाई पॉप एक्ट' के अंतर्गत एल.के.जी. के नन्हें बच्चों ने कोरियाई संस्कृति और जीवन शैली पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत किया। 'टॉय स्टोरी एक्ट' में कक्षा एक के बच्चों द्वारा खिलौनों की रोचक दुनिया को अपने एक्ट के माध्यम से जीवंत कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। 'टॉलीबीट्स एक्ट' में दक्षिण भारतीय फिल्मी जगत के जांवान डाँस और भावपूर्ण संगीत पर आधारित समूह नृत्य कक्षा दो के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

मॉडर्न स्कूल मॉडफेस्ट का समापन हो गया।

बंगाली लोकनृत्य' के अंतर्गत कक्षा चार के बच्चों ने एक रंगीन, भक्तिभाव परिपूर्ण और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध दुर्गा पूजा के भक्ति-भाव को साकार कर दर्शकदीर्घा को भक्तिमय कर दिया। 'हॉप एक्ट' में अवसाद से ग्रसित आज के विद्यार्थी को प्रेरणा, हिम्मत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को विकसित करने के एक प्रयास के रूप में कक्षा पाँच के बच्चों द्वारा अभिनीत इस एक्ट ने सभी दर्शकों पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ा। 'ट्रीब्यूट टू फार्मर्स एक्ट' के अंतर्गत मुंबई आई.आई.टी. के दो छात्रों द्वारा कोटा क्षेत्र में उन्नत कृषि कार्य के द्वारा आश्चर्यजनक सफलता प्राप्त कर सबके लिए एक मिसाल कायम की, इस विषय पर एक फिल्म 'मिट्टी' का निर्माण हुआ। ऐसे ही कर्मठ व्यक्तियों को समर्पित इस एक्ट के अंतर्गत कक्षा सात और आठ के बालक-बालिकाओं ने प्रभावपूर्ण प्रस्तुति दी। 'ऑपरेशन सिंदूर एक्ट' अदम्य शक्ति, शौर्य और नारी सम्मान का प्रतीक है, जिसमें भारतीय बेटियाँ सैनिकों के साथ कंधें से कंधा मिलाकर दुश्मनों को मुँहतोड़ जवाब देती रही हैं।

इन्हीं भावों को अपने अंदाज में व्यक्त करते हुए कक्षा सात और आठ के बालक-बालिकाओं ने अपने एक्ट से समाँ बाँध दिया। क्रापिंग एक्ट' में कक्षा बारहवीं के बच्चों ने नए गानों पर धमाल मचाकर सारा माहौल ही बदल दिया। 'कथक एक्ट' भारतीय संस्कृति की आत्मा को मंच पर उतारने का सर्वाधिक गरिमामय तरीका है-शास्त्रीय नृत्य और संगीत, जिसे कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं की छात्राओं ने बहुत ही प्रभावशाली और मनमोहक रूप में प्रस्तुत किया। स्टॉफ और कोरियोग्राफ़र्स के जोश और उत्साह से भरपूर टीमवर्क की झलक इस एक्ट में दिखाई दी। प्रत्येक प्रस्तुति पर विद्यालय प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

कार्यक्रम के समापन से पूर्व सभी दर्शकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। विद्यालय के निदेशक वैभव सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए जानकारी दी कि मॉडफेस्ट में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को हमेशा की तरह मुंबई से आए हुए कोरियोग्राफर के मार्गदर्शन में 15 दिन तक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही साज-सज्जा एवं ध्वनि प्रणाली के लिए जयपुर से इवेंट मैनेजमेंट की टीम को बुलाया गया।

इस अवसर पर फोटोग्राफी सायटी द्वारा निर्मित वीडियो भी दिखाया गया जिसमें विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों को आकर्षक व प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा सपांदित मासिक पत्रिका 'न्यूम्स' का भी वितरण किया गया। इसमें विद्यालय व मोडफेस्ट संबंधी सूचनाएँ, प्रमुख समाचार और विभिन्न गतिविधियों से सम्बंधित चित्र आदि प्रकाशित किए गए। कार्यक्रम का समापन आवश्यक सूचना और विद्यालय गीत से हुआ।

बारां में मॉडर्न का मोड़फ़ेस्ट-मॉडर्न स्कूल में मोडफेस्ट की सांस्कृतिक आभा से जगमगाती रही, कार्यक्रम में अनेकानेक सांस्कृतिक रंग देखने को मिलें। विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम मोडफेस्ट में बारां क्षेत्र के जिला कलेक्टर एवं अन्य सभी गणमान्य अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम का आगाज़ बुद्धि और विवेक के देवता श्रीगणेशजी की वन्दना से हुआ। इसके बाद विद्यालय के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जो सरिता प्रवाहित हुई उसमें गणमान्य अतिथियों के साथ सभी अभिभावकगण सराबोर नज़र आये।

शम्भूपुरा एकीकृत योजना में भूखण्ड आवंटन अंतिम तिथि 17 अक्टूबर

कोटा, (निसं)। शम्भूपुरा एकीकृत योजना में व्यावसायिक गोदाम एवं होलसेल मार्केट हेतु भूखण्ड आवंटन की आवेदन की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर है। कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा शम्भूपुरा एकीकृत योजना के अंतर्गत व्यावसायिक गोदाम एवं व्यावसायिक होलसेल मार्केट के लिए कुल 351 भूखण्डों का आवंटन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। प्राधिकरण की आयुक्त ममता तिवारी ने बताया कि इस योजना के प्रति आमजन की बढ़ती रुचि को देखते हुए आवेदन प्राप्त करने एवं जमा कराने की बढ़ाई गई अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2025 है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए जीएसटी, शॉप एंड कमर्शियल एक्ट अथवा बीआरएन पंजीकरण की कोई अनिवार्यता नहीं है। अतः इच्छुक आवेदक बिना किसी अतिरिक्त औपचारिकता के आवेदन कर सकते हैं।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

क्रमांक: LU2012/KOT/2025-26/101077 **लोक सूचना** दि.15.10.2025

श्री OMPRAKASH पुत्र श्री KANHAIYA LAL जाति DHAKAR निवासी NOTANA, NOTANA, KOTA RAJASTHAN ने इस कार्यालय मे नीचे उल्लिखित भूमि का **वाणिज्य** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हेक्टे.)
1.	नोटाना, लाडपुरा (कोटा)	OMPRAKASH S/O KANHIYA LAL HISSA PURNA CASTE-DHAKAR SA DEH KHATEDAR	915/747 (PACCHIM)	1369	0.1369
				कुल	0.1369

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम,1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव मे यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 15/10/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए)

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 2008 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 13.10.25

आवास संख्या 4-एल-3 दादाबाड़ी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री राम बाबु खण्डेलवाल पुत्र श्री आर.एल. खण्डेलवाल को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री मोहन लाल पुत्र श्री गंगाराम सिंधी के नाम दिनांक 30.03.2000 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री मोहन लाल पुत्र श्री गंगाराम सिंधी के नाम दिनांक 31.03.2000 को किया गया। पंजीयन उपरांत श्री मोहन लाल पुत्र श्री गंगाराम सिंधी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 09.05.2007 को श्री विजय कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री देवकीनंनद चतुर्वेदी को किया गया। श्री विजय कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री देवकीनंनद चतुर्वेदी का नाम दिनांक 24.05.2007 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्री विजय कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री देवकीनंनद चतुर्वेदी द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 30.07.2025 को श्री जयप्रकाश पुत्र स्व. श्री किशनचन्द को किया गया। श्री जयप्रकाश पुत्र स्व. श्री किशनचन्द द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4-एल-3 दादाबाड़ी कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में श्री जयप्रकाश पुत्र स्व. श्री किशनचन्द का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में श्री जयप्रकाश पुत्र स्व. श्री किशनचन्द का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में श्री जयप्रकाश पुत्र स्व. श्री किशनचन्द का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा। **उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा**

धनतेरस समारोह धूमधाम से मनाया

कोटा, (निसं)। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के श्रीराम क्लब की महिला इकाई द्वारा धनतेरस का पर्व बुधवार होटल मेनाल रेजिडेन्सी में धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारम्भ सलोनी मेहता एवं अंजना प्रकाश ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं द्वारा अनेक प्रस्तुतियाँ दी गयीं, जिसमें ज्योति सक्सेना ने एकल गान, हेमा सूद ने एकल नृत्य, सुश्री शीतल त्रिपाठी एवं कशिश कपूर ने युगल नृत्य, ममता शर्मा, दीपांशी पारेता एवं दिव्या शर्मा ने समूह नृत्य प्रस्तुत किये।

आज के कार्यक्रम में विभिन्न खेलों का आयोजन आरूषि एवं अंकिता खण्डेलवाल ने किया, जिसका सभी महिलाओं ने भरपूर आनन्द उठाया। कार्यक्रम का संचालन कीर्ति सिंह एवं रिंकी विजय ने किया।

डीसीएम क्लब द्वारा धनतेरस समारोह मनाया गया।

कार्यक्रम में तम्बोला तथा लक्की डिप का आयोजन भी किया गया।

सभी विजेताओं को सलोनी मेहता एवं अंजना प्रकाश ने पुरस्कार प्रदान किये।

धनतेरस पर्व के उपलक्ष में सभी महिलाओं को उपहार भी भेंट किये गये। कार्यक्रम के अन्त में सभी ने सुरूचि भोज का आनन्द लिया।

क्षेत्रीय उपनिदेशक ने शहरी सेवा अभियान का औचक निरीक्षण किया

- अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर अभियान की समीक्षा की एवं प्रगति जानी

रामगंजमण्डी, (निसं)। नगर पालिका रामगंजमण्डी के सभा भवन में 15 अक्टूबर को वार्ड नम्बर 1 से 20 तक का शहरी सेवा अभियान का कैम्प आयोजित किया गया।

शिविर का दिवांशु शर्मा क्षैत्रीय उपनिदेशक कोटा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उपनिदेशक द्वारा शिविर में प्राप्त प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये गये साथ ही 1 विवाह पंजीयन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत 19 आईएचएचएल की प्रथम किस्त जारी की गई तथा 20 पट्टों का वितरण किया। इस दौरान सरकार द्वारा दी गई छूटों से लाभान्वित होकर पट्टा प्राप्त करने वाले परिवारों ने प्रसन्नता व्यक्त कर त्वरित कार्य के लिए प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

उपनिदेशक शर्मा द्वारा प्राप्त पट्टा धारकों से सरकार की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन कर योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया। अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर अभियान की समीक्षा की एवं प्रगति जानी। साथ ही निर्देश दिए कि शिविरों में अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिले और लम्बित प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र हो।

शिविर में नगरपालिका के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने, सामाजिक सुरक्षा पेन्शन, पालनहार योजना, बच्चों के टीकाकरण का कार्य, पीएम स्वीनिधि ऋण योजना आदि कार्य प्रमुखता से किए जा रहें है।

कैम्प के दौरान उपनिदेशक शर्मा के औचक निरीक्षण पर पालिका अध्यक्ष अकलेश मेड़तवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष शेलेश काला, पार्षद लोकेश पावेचा अंकुर डांगी व प्रतीक चोधरी मौजूद रहें। पालिका अध्यक्ष मेड़तवाल ने उपनिदेशक शर्मा को रामगंजमण्डी नगर में पालिका की ओर से करवाऐ जा रहे विकास कार्यों एवं सुकेत रोड स्ट्रीट लाईट लगाने की योजना से अवगत कराया। कैम्प में पालिका अधिशाषी अधिकारी तरूण कुमार लहरी सहित पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा साथ ही चिकित्सा विभाग, बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, जलदाय विभाग एवं विद्युत विभाग आदि विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव आरएमआरएस, बून्दी

क्रमांक/निविदा/2025/1622 दिनांक-15.10.2025

निविदा सूचना

पं. बृज सुन्दर शर्मा, सामान्य चिकित्सालय बून्दी में एयर कन्डीशनर, फ्रीज एवं लोंडरी मशीन के मरम्मत कार्य, सेनेटरी आइटम एवं कागज (कम्प्यूटर रिम) तथा स्टेशनरी सामग्री क्रय हेतु खुली निविदा सूचना के माध्यम से दिनांक 14.10.2025 से दिनांक 27.10.2025 को प्रात: 11.00 बजे तक बन्द लिफाफे में दरे आमंत्रित की जाती है, निविदा एयर कन्डीशनर, फ्रीज एवं लोंडरी मशीन के मरम्मत कार्य का UBN No MHS2526WSOB04460, सेनेटरी आइटम निविदा का UBN No MHS2526GSOB04461 एवं कागज (कम्प्यूटर रिम) तथा स्टेशनरी सामग्री का UBN No MHS2526GSOB04462 है। विस्तृत जानकारी Sppp.raj.nic.in तथा कार्यालय में कार्यालय समय पर देखी जा सकती है।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव आरएमआरएस, बून्दी

महिला ने आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। कैथूनीपोल थाना इलाके में महिला ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर सुसाईड कर लिया। जानकारी के अनुसार साईबर ठगी से परेशान होकर महिला ने सुसाईड का कदम उठाया है। सूत्रों के अनुसार श्रीपुरा की रहने वाली प्राईवेट शिक्षक की पत्नी उषा वर्मा पिछले कुछ महीनों से साईबर ठगी के चलते तनाव में थी। महिला टेलिग्राम पर पिछले दो महीनो से निवेश कर रही थी। कैथूनीपोल थानाधिकारी पुष्पेंद्र बंसीवाल ने बताया कि श्रीपुरा निवासी उषा वर्मा (40) ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली।

मिशलिन इंडिया ने कोटा में खोला स्टोर

कोटा, (निसं)। दुनिया की अग्रणी टायर टेक्नोलॉजी कंपनी, मिशलिन ने बुधवार को कोटा में अपने पहले मिशलिन टायर्स एंड सर्विस स्टोर की शुरुआत की है।

कोटा के एरोड्रम सर्कल में स्थित यह स्टोर शहर के प्रमुख टायर डीलर पटेल टायर्स के साथ साझेदारी में खोला गया है। 1500 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला यह नया मिशलिन टायर्स एंड सर्विस स्टोर आधुनिक ड्राइविंग जरूरतों के अनुसार टायर बिक्री, व्हील अलाइनमेंट, व्हील बैलेंसिंग, एलॉय व्हील्स की विस्तृत रेंज, कार वॉश और कार डिटेलिंग सेवाएँ प्रदान करेगा। कोटा में निजी वाहनों की बढ़ती संख्या और भरोसेमंद आफ्टर-सेल्स सेवा की बढ़ती माँग को देखते हुए यह साझेदारी मिशलिन की क्षेत्रीय उपस्थिति को मजबूत करती है और ग्राहकों को विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाली सेवा उपलब्ध कराती है। स्टोर का उद्घाटन हिमांशु कपूर, डिस्ट्रिब्यूशन डेवलपमेंट मैनेजर, मिशलिन इंडिया और पटेल टायर्स की टीम ने किया।

उद्घाटन के अवसर पर शांतनु देशपांडे, प्रबंध निदेशक, मिशलिन इंडिया, ने कहा कि कोटा में पहला स्टोर मिशलिन की राजस्थान यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। जैसे-जैसे प्रीमियम मोबिलिटी की माँग बढ़ रही है, हमारा फोकस ग्राहकों को विश्वस्तरीय उत्पाद और सेवा अनुभव देने पर है।

भारत में हमारी प्रीमियम निर्माण क्षमता और मजबूत रिटेल नेटवर्क के साथ, मिशलिन उच्च प्रदर्शन वाले टायर समाधानों को पूरे देश में सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

राजस्थान में बदलते मोबिलिटी पैटर्न के कारण, कोटा जैसे शहरों में लीशर और लाइफस्टाइल-आधारित ड्राइविंग बढ़ रही है। बढ़ते इंटरसिटी ट्रैवल ने ऐसे भरोसेमंद ब्रांड्स की माँग बढ़ा दी है, जो उच्च प्रदर्शन और प्रीमियम सेवा दोनों प्रदान करें।

रक्तदान शिविर आज

छबड़ा (निसं)। मदनलाल गुप्त वेद आर्य समाज, भारत विकास परिषद व गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को आदर्श विद्या मंदिर में सुबह 11 बजे रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। संयोजक डॉ. रमेशचंद गुप्त (अमेरिका) ने रक्तदान शिविर में बढचढकर भाग लेने का आव्हान किया।

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/9949 दिनांक: 15.10.25

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमती पदमा वाधवानी पत्नी स्व. श्री महेश कुमार कटारिया, श्री केशव कटारिया पुत्र स्व. श्री मुरारी लाल कटारिया, श्री घनश्याम कटारिया पुत्र स्व. श्री मुरारी लाल कटारिया एवं श्री दिनेश कटारिया पुत्र स्व. श्री मुरारी लाल कटारिया निवासी भूखण्ड संख्या 554, शास्त्री नगर, दादाबाड़ी, कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 554, शास्त्री नगर, दादाबाड़ी, कोटा क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखण्ड संख्या 554, शास्त्री नगर दादाबाड़ी, कोटा का आवंटन कार्यालय मण्डी कमेटी, चम्बल योजना, कोटा द्वारा पत्र क्रमांक एफ1(3) कम/विकास/60/726 दिनाक 14.02.1961 से श्रीमती रूकैया बेगम पत्नी श्री सदरुद्दीन को किया गया। श्रीमती संकैया बेगम ने उक्त भूखण्ड जर्ये रजिस्टर्ड दस्तावेज दिनांक 01.05.1972 से श्री भागचंद शर्मा पुत्र श्री मोती लाल को विक्रय कर दिया। श्री भागचंद शर्मा का देहावसान दिनांक 28.06.1976 को हो जाने के उपरान्त श्री भागचंद शर्मा के विधिक वारिसान श्रीमती सीता शर्मा पत्नी स्व. श्री भागचंद शर्मा तथा श्री रंजीत शर्मा व मधु शर्मा बहैसियत वली माता खुद ने जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02.06.1983 से उक्त भूखण्ड श्री मुरारी लाल व श्री महेश कुमार कटारिया पुत्र श्री दौलत राम कटारिया को विक्रय कर दिया। श्री मुरारी लाल कटारिया का देहावसान दिनांक 05.05.2021 को हो जाने के उपरान्त श्री मुरारी लाल कटारिया के विधिक वारिसान श्री दुर्गालाल कटारिया पुत्र स्व. श्री मुरारी लाल कटारिया ने जर्ये रजिस्टर्स रिलीज डीड दिनांक 18.08.2025 से उक्त भूखण्ड में से श्री मुरारीलाल कटारिया के आधे भाग में से स्वयं का हक श्री केशव कटारिया पुत्र स्व. श्री मुरारी लाल कटारिया, श्री घनश्याम कटारिया पुत्र स्व. श्री मुरारी लाल कटारिया एवं श्री दिनेश कटारिया पुत्र स्व. श्री मुरारी लाल कटारिया के पक्ष में तथा श्री महेश कुमार कटारिया का देहावसान दिनांक 05.02.1988 को हो जाने के उपरान्त श्री महेश कुमार कटारिया के विधिक वारिसान श्रीमती स्वीटी कटारिया पुत्री स्व. श्री महेश कुमार कटारिया पत्नी श्री करन त्यागी एवं श्रीमती नव्या बचवानी पुत्री स्व. श्री महेश कुमार कटारिया पत्नी श्री पुनीत बचवानी ने जर्ये रजिस्टर्ड रिलीज डीड दिनांक 18.08.2025 से उक्त भूखण्ड में से श्री महेश कुमार कटारिया के आधे भाग में से स्वयं का हक श्रीमती पदमा वाधवानी पत्नी स्व. श्री. महेश कुमार कटारिया के पक्ष में त्याग दिया है। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम, कोटा दक्षिण में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम, कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम MANASVI SAITYA से बदलकर नया नाम MANASVI SATIYA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-मनस्वी सतिया पुत्री सुनील लालवानी 3 गुरुकृपा टीचर्स कालोनी गुमानपुरा कोटा

राजस्थान सरकार

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 117/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री दामोदर अग्रवाल पुत्र श्री छंगा लाल, वार्ड नं. 57 किशोरी सदन नई पोस्ट ऑफिस गुना वालों की धर्मशाला के सामने अर्जुनपुरा कोटा द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अंतर्गत प्रन्यास "श्री राम मंदिर प्रबंध समिति" श्री राम मंदिर कोटा जंक्शन कोटा के विधान में हुये परिवर्तन का दर्ज अभिलेख करने हेतु जांच किए जाने के लिए प्रपत्र संख्या 8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन, विधान जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 18.11.2025 है।

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा

'रियायती एवं किफायती उत्पादों के साथ फिर तैयार है उपभोक्ता भण्डार'

- 'पटाखों पर एमआरपी से 60 प्रतिशत की छूट, एमएमटीसी के शुद्ध चांदी के सिक्के न्यूनतम दर पर'

कोटा, (निसं)। पंचदिवसीय दीपोत्सव पर जनता किफायती एवं गुणवत्ता पूर्ण मिठाई, नमकीन पटाखों एवं चांदी के सिक्को को लेने के लिए आतुर रहती है। कोटा शहर की जनता की मांग को वर्षों से संतुष्ट कर उन्हे उच्च गुणवत्ता के उत्पाद रियायती दरों पर कोटा जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डार लि. उपलब्ध करवाता आया है।

भण्डार के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला एवं नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला ने बताया कि जनता की मांग को पूरा करते हुए दीपावली के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रकार की मिठाईयां जिसमें काजू कतली 900 रू प्रति किलों की दर पर उपलब्ध है व कॉक ब्राडेंड पटाखों के साथ शुद्ध एम.एम.टी.सी के चांदी के सिक्कों के फिर से किफायती दामों पर घोडेवाले चौराहा, रावतभाटा रोड़ नागरिक सहकारी बैंक के समीप विशेष काउन्टर और शहर में विभिन्न स्थानों पर काउंटर सजा दिए गए हैं। जहां पर नमकीन-मिठाईयों, पटाखों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। ग्रीन आतिशबाजी 75 सी०एम० फुलझडीयां एवं फेन्सी पटाखों के साथ एम.एम.टी.सी के शुद्ध चांदी के सिक्के जिसमें 10 ग्राम 2140, 20 ग्राम 4250, 50 ग्राम 10530 एवं 100 ग्राम 21240 की दरों पर जनता को उपलब्ध होंगे। संस्था अध्यक्ष, बिरला ने बताया कि भण्डार के तीनों सुपरमार्केटस महावीर नगर 3 स्टेशन क्षेत्र एवं सब्जीमण्डी सहित विशेष काउन्टर घोड़ा वाले चौराहे पर नागरिक सहकारी बैंक के समीप, प्रधान कार्यालय केनाल रोड़, तलवण्डी दाऊ दयाल जोशी आर्युवेदिक चिकित्सालय, कामर्स कॉलेज रोड़, वी-मार्ट के पास रजत सिटी महाराणा प्रताप सर्किल कुन्हाडी के विशेष काउन्टर पर ब्रांडेड पटाखें, मिठाईयां एंव एमएमटीसी के शुद्ध चांदी के विभिन्न मापों के सिक्के न्यूनतम दर पर उपलब्ध है। भुजिया, चिवड़ा, लोंग व अजवाईन के सेव, गाठिया, पपड़ी, मीठे सेव सहित विभिन्न कम्पनियों बीकाजी, बिकानों, हल्दीराम कम्पनी के सभी उत्पाद नमकीन, मिठाई विस्तृत रेंज में न्यूनतम दर पर उपलब्ध है। आतिशबाजी के कोक ब्रांड एवं अन्य लोकप्रिय ब्राण्ड के पटाखें एमआरपी से 60 प्रतिशत की छूट पर उपलब्ध है। भण्डार महाप्रबन्धक बीना बैरवा ने बताया कि सुपर मार्केटस एवं सभी बिक्री केन्द्रों पर गुणवत्ता युक्त उचित दामों के उत्पादों को उपलब्ध कराकर उपभोक्ता भण्डार ने जनता का विश्वास हर वर्ष जीता है। गत वर्ष 2024-25 में 1 करोड़ रूपये के पटाखे, 10 लाख रूपये की मिठाईयां व लगभग 8.50 लाख रूपये के सोने एवं चांदी के सिक्को का विक्रय किये गए थे। इस वर्ष दीपोत्सव पर लगभग 1.25 करोड़ रूपये के पटाखे बिक्री तथा 30 लाख रूपये की मिठाई, नमकीन एवं चाँदी के सिक